# यशोमती मैया से बोले नन्दलाला ....

यशोमती मैया से बोले नन्दलाला,
राधा क्यूं गोरी, मैं क्यूं काला –2 ।। टेर।।
बोली मुसकाती मैया, ललन को बताया,
काली अँधियारी आधी, रात में तू आया,
लाड़ला कन्हैया मेरा हो ऽऽऽ,
लाड़ला कन्हैया मेरा, काली कमली वाला,
इसीलिये काला ।। 1 ।।
यशोमती मैया से बोले नन्दलाला
राधा क्यूं गौरी, मैं क्यूं काला –2 ।
बोली मुसकाती मैया, सुन मेरे प्यारे – 2,
गोरी–गोरी राधिका के, नैन कजरारे,
काले नैनों वाली ने हो ऽऽऽ
काले नैनों वाली ने ऐसा जादू डाला,
इसीलिये काला ।। 2 ।।
यशोमती मैया से बोले नन्दलाला
राधा क्यूं गोरी, मैं क्यूं काला –2 ।
इतने में राधा प्यारी, आई इठलाती – 2
मैंने नहीं जादू डाला, बोली बलखाती,
लाड़ला कन्हैया तेरा हो ऽऽऽ,
लाड़ला कन्हैया तेरा जग से निराला,
इसीलिये काला ।। 3 ।।
यशोमती मैया से बोले नन्दलाला,
राधा क्यूं गोरी, मैं क्यूं काला – 2।